JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2022/01/367–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक :** 13.01.2022

मेट्रो लाइनों के आसपास पतंगबाजी जान का जोखिम।

जयपुर 13 जनवरी। मेट्रो के मानसरोवर से बड़ी चौपड़ मार्ग में रेल संचालन 25000 वोल्ट बिजली के तारों द्वारा किया जाता है, जिनमें लगातार 24 घंटे करंट चालू रहता है। यह बिजली के तार मेट्रो रूट पर सड़क से करीब 30 मीटर ऊंचाई तक है। यदि पतंग का मांझा इन बिजली के तारों में उलझ जाये तो करंट इस मांझे से सीधे ही पतंग उड़ाने वाले तक पहुंच कर खतरनाक व जानलेवा साबित हो सकता है। पूर्व में भारतीय रेल, मेट्रो एवं बिजली कंपनियों के तारों में पतंगबाजी के कारण इस तरह की घटनाये हो चुकी है।

गत् वर्ष मकर संक्राति की अवधि में बहुत बार जयपुर मेट्रो ट्रेनों के संचालन में इस कारण से रूकावट आई तथा बिजली के तारों से करीब 5000 पतंगो एवं काफी तादाद में इसके मांझो को हटाने में रात दिन मशक्कत करनी पड़ी, ताकि अगले दिन आपकी जयपुर मेट्रो का संचालन निर्बाध रूप से हो सकें।

सभी नागरिको को निवेदन करते हुए सजग किया जाता है कि मेट्रो रेल मार्ग के आस–पास पतंगबाजी से परहेज करें, इससे उनके जीवन को किसी नुकसान से रोकने के साथ ही पतंग व इसके मांझे के उलझने के कारण मेट्रो रेल संचालन को भी प्रभावित होने से रोका जा सकेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी